Fourteenth Loksabha

Session : 3
Date : 20-12-2004

Participants : Yadav Dr. Karan Singh

>

Title: Need to computerize the rail reservation facility at Khairthal railway station in Jaipur Division of Rajasthan.

डॉ. करण सिंह यादव (अलवर) : अध्यक्ष महोदय, उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर डिवीजन में खैरथल एक प्रमुख रेलवे स्टेशन है, जहां से रेल विभाग को प्रतिर्वा एक करोड़ रूपये से अधिक का राजस्व प्राप्त हो रहा है। यहां तथा आसपास की जनसंख्या एक लाख से अधिक है। राट्रीय राजधानी परियोजना का उपकेन्द्र भी भारत सरकार ने खैरथल को ही घोाित किया हुआ है।

खैरथल में इस समय लम्बी दूरी की 5 जोड़ी 10 एक्सप्रेस तथा सुपरफास्ट एक्सप्रेस गाडियां ठहरती हैं, जिनसे प्रतिदिन यात्री जम्मू, दिल्ली, अम्बाला, हरिद्वार, देहरादून, अहमदाबाद, मुम्बई, पोरबंदर, न्यूभुज, पालनपुर, महसाना, आबूरोड तथा अजमेर तक की यात्रा रेल द्वारा ही करते हैं। परन्तु, आरक्षण सुविधा नहीं होने की वजह से आरक्षण हेतु अलवर, जयपुर या दिल्ली जाना पड़ता है। इस प्रकार यात्रियों को समय तथा पैसे की बरबादी करनी पड़ती है। यहां का करीब 50 लाख रूपये का राजस्व अन्य स्टेशनों की आय को बढ़ा रहा है जबकि यह पैसा खैरथल से जा रहा है तथा खैरथल के प्रतिर्वा के राजस्व में 50-60 लाख की कमी आ रही है, जिसकी वजह से खैरथल अन्य सुविधाओं से वंचित है।

इस समय खैरथल स्टेशन पर करोड़ों रूपये का निर्माण कार्य चल रहा है। अगर इसी के तहत कम्प्यूटराईज आरक्षण केन्द्र का कमरा भी बन जाये तो यहां के हजारों नागरिकों को आरक्षण करवाने अन्यत्र नहीं जाना पड़ेगा। यहां से औसतन प्रतिदिन 2000 यात्री जाते हैं तथा इतने ही आते हैं। रेल विभाग ने अन्य कम महत्वपूर्ण स्टेशनों पर जब आरक्षण सुविधा प्रदान कर दी है तो फिर खैरथल को इस सुविधा से वंचित रखने का कोई औचित्य नहीं है।

अतः मैं माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकर्िात कर निवेदन करना चाहूंगा कि खैरथल-अलवर में कम्प्यूटराइज्ड आरक्षण की सुविधा शीघ्र अति शीघ्र प्रारंभ की जाये।